संख्याः1141/सत्रह–म–2010–।।–प्र(1)/2006

प्रेषक,

पी0के0 अग्रवाल,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

✓ निदेशक मत्स्य
उ0प्र0,लखनऊ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग– लखनऊ दिनांकः 09 जुलाई, 2010

विषयः **चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 में केन्द्र पुरोनिधानित मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार योजनान्तर्गत वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः 262/नि0शा0/मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार/10–11 दिनांकः15.4.2010 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 194.65 लाख में से प्रथम त्रैमास हेतु रू0 48,66,250/– (रूपये अड़तालिस लाख छाछठ हजार दो सौ पचास मात्र) की धनराशि श्री राज्यपाल महोदय केन्द्रांश प्राप्ति की प्रत्याशा में आपके निवर्तन पर रखे जाने की निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(1) उक्त धनराशि का आहरण केन्द्रांश प्राप्त होने तथा शासन की अनुमति के पश्चात ही किया जायेगा।
(2) उक्त धनराशि का व्यय केन्द्रांश प्राप्त होने के पश्चात पूर्व निर्धारित नियमों एवं शर्तो तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइड लाइन्स के अनुसार किया जायेगा।
(3) यदि भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइड लाइन्स में निर्धारित शर्तों का किसी भी प्रकार से विचलन होता है तो सम्बन्धित वित्त एवं लेखाधिकारी/प्रबन्धक वित्त एवं लेखा का दायित्व होगा कि इस मामले की सूचना वित्त विभाग को पूर्ण विवरण सहित दे दी जाय।

2. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के अनुदान संख्या 17 के अधीन लेखा शीर्षक 2405–मछली पालन–आयोजनागत, 109–विस्तार तथा प्रशिक्षण 01–केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें, 0101–मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार की केन्द्रीय योजना (के. 80/रा. 20–के. +रा.), 42–अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या बी0–1–1685/दस–16/1992 दिनांक 07 जुलाई 1992 में प्रदत्त अधिकारों तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या बी–1–951/दस–2010–231/2010 दिनांक 26 मार्च 2010 में दिये गये निर्देशानुसार जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(पी0के0 अग्रवाल)
विशेष सचिव

संख्याः1141/सत्रह–म–2010–।।–प्र(1)/2006 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।

2. अनुसचिव, भारत सरकार कृषि मंत्रालय पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–2/वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1/नियोजन–3
6. गार्ड फाइल/सम्बन्धित समीक्षा अधिकारी।

आज्ञा से,

(पी0के0 अग्रवाल)
विशेष सचिव